सं० एएसएफडी / 24/MFV/2020-21/ 40
संघ प्रदेश दमण एवं दीव प्रशासन,
सहायक मत्स्योद्योग अधीक्षक कार्यालय,
मत्स्योद्योग विभाग, दीव
दिनांक – 15 /05/2020

सार्वजनिक सूचना

आप सभी सक्रिय मछुआरो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली से दिनांक 20/03/2020 के आदेश सं030035/15/97-FY(T-1)-Vol. V एवं मत्स्योद्योग अधिक्षक, दमण के दिनांक 05/05/2020 पत्र सं0 SFD/3/22/(FB)/2018-19/30 के तहत वेस्ट कोस्ट के तटीय विस्तार मे दिनांक 01/06/2020 से 31/07/2020 अवधि तक समुद्र में फिशिंग करने पर प्रतिबंध (FISHING BAN) लगाया गया है, जिससे की मात्स्यिकी (Fishery) संपत्ति का संरक्षण एवं प्रभावकारी प्रबंध किया जाए और मछुआरो की सलामति हो सके । यह समय के दौरान मछली की उत्पति बढ़ती है और मछली का विकास होने का अवसर प्राप्त होता है । इसलिए यह प्रतिबंध आवश्यक है जो अनन्य आर्थिक जोन (Exclusive Economic Zone) और प्रादेशिक / क्षेत्रीय जल सीमा (Territorial Waters) मे भी लागू होता है । इसलिए इस अवधि तक समुद्र मे फिशिंग करने की सख्त मनाई की जाती है ।

उपरोक्त आदेश को ध्यान मे रखते हुए यह भी बताया जाता है कि वर्षाऋतु के समय दमण–दीव और गुजरात राज्य के तटीय क्षेत्रो मे समुद्र की तूफानी लहेरे एवं हवा तेज चलती है जिसके कारण मछुआरो की नाँव, जाल वगेरे का भारी नुकशान देखा जाता है, इसलिए दीव जिले के मछुआरो एवं फिशिंग नाँवो की सलामति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दिनांक **01/06/2020 से 15/08/2020** तक खराब समुद्री हवामान के कारण माछीमारी के लिए प्रतिकूल मौसम (Fishing Off-Season) बताया जाता है ताकि मछुआरो की जान–माल का नुकशान से बचा जा सके । इसलिए आप सभी मछुआरो को सूचित किया जाता है इस अवधि मे कोई भी मछुआरे समुद्र में फिशिंग करने न जाए एवं अपनी नाँव को समुद्र मे न भेजे ।

उपरोक्त सूचना का आप सख्ती से पालन करें अन्यथा सरकारी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी ।

(सुकर आजनी)
सहायक मत्स्योद्योग अधिक्षक,
दीव

सेवा में,

1. अध्यक्ष, दीव नगरपालिका परिषद, दीव }
2. अध्यक्ष, दीव जिल्ला पंचायत, दीव } सूचनार्थ एवं
3. सरपंच, ग्राम पंचायत, वनाकबारा, साउदवाडी, बुचरवाडा,जोलावाडी }
4. प्रमुखश्री, दीव जिला फिशरमेन ऐसोशियेशन, वनाकबारा } अधिकतम
5. प्रमुख श्री, दीव जिला के सभी मत्स्य को–ओपरेटिव सोसायटी, }प्रचार–प्रसार हेतु
6. अध्यक्ष, मछुआरा संघ, वनाकबारा,घोघला,दीव }प्रेषित है ।
7. अध्यक्ष, मछुआरा समुदाय, वनाकबारा,घोघला,दीव }

प्रतिलिपि प्रेषित –

1. माननीय समाहर्ता, समाहर्तालय,दीव } जानकारी हेतु ।
2. सब डिविजनल पुलिस अधिकारी, दीव }
3. मत्स्योद्योग अधीक्षक, दमण }
4. बंदरगाह अधिकारी, दीव } जानकारी एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
5. कोस्टल पुलिस, दीव }